**Aam Aadmi Party**
A-119, Kaushambi, UP-201010
Phone: +91 9718500606, Email: info@aamaadmiparty.org
www.aamaadmiparty.org | Facebook: AamAadmiParty | Twitter: @AamAadmiParty

दिनांक : 14/12/2013

श्री नजीब जंग,

उपराज्यपाल, दिल्ली

राजनिवास दिल्ली-110005

आदरणीय श्री नजीब जंग जी,

आपका 13 दिसंबर 2013 का पत्र मिला। दिल्ली में सरकार बनाने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए बातचीत के आपके न्योते के लिए, आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं। बातचीत में हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट करने के लिए यह लिखित प्रतिवेदन लेकर मैं हाज़िर हुआ हूं।

कल देर रात मुझे पता चला कि कांग्रेस पार्टी ने बिना शर्त समर्थन दिया है। इस किस्म की राजनीति, यह देश कई वर्षों से देखता आया है। राजनीति में कभी कोई समर्थन बिना शर्त नहीं होता। हम लोग भाजपा और कांग्रेस, दोनों पार्टियों को चिट्ठी लिखकर उनसे अलग-अलग मुद्दों पर उनका रुख साफ़ करने के लिए कह रहे हैं। ये दोनों पार्टियां जो जवाब देगी, उसकी प्रति जनता के बीच रखी जाएगी, जनता से पूछा जाएगा कि *आम आदमी पार्टी* को क्या करना चाहिए?

जनता की राय जानने के बाद ही हम आपको बता पाएंगे कि हम सरकार बनाना चाहते हैं या नहीं।

अरविंद केजरीवाल

नेता, विधायक दल एवं राष्ट्रीय संयोजक

आम आदमी पार्टी